रासायनिक खेती के बजाय प्राकृतिक खेती को अपनाएं : राज्यपाल बागड़े

तीन दिवसीय सुभाष पालेकर कृषि प्रशिक्षण शिविर में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े पहुंचे

खाटूश्यामजी/सीकर, (निसं)। कस्बे की वृंदावनधाम धर्मशाला प्रांगण में बजाज फाउण्डेशन के जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट की ओर से चल रहे तीन दिवसीय सुभाष पालेकर कृषि प्रशिक्षण शिविर में दूसरे दिन के सत्र में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े पहुंचे।

राज्यपाल ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रासायनिक खेती के बजाय प्राकृतिक खेती को अपनाएं जिससे सभी बीमारियों से मुक्ति मिल सके। राज्यपाल ने कहा कि 60 के दशक तक भारत प्राकृतिक खेती करता था लेकिन अनाज की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए हमने रासायनिक खेती का सहारा ले लिया, जिससे मनुष्य व वातावरण दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती के चलते आज पक्षी कम हो गये हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सर्वे से पता चला है कि बढ़ते कैंसर रोग का मुख्य कारण भी रासायनिक खेती ही है। राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक खेती जहां व्यक्ति स्वस्थ रहेगा वहीं आर्थिक रूप से फायदा होगा, क्योंकि रासायनिक खेती के बजाय प्राकृतिक खेती से होने वाला अनाज महंगे भाव में बिकता है। शिविर में राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने कहा कि रासायनिक खेती से नुकसान हो रहा है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक खेती को अपनाएं। इसके साथ ही किसान बरसात के पानी को भी सहज कर रखे।

सत्र में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी मौजूद रहे।

सीआर चौधरी ने किसानों को जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग या जैविक खेती के फायदे बताते हुए इसे अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जैविक खेती को प्रमोट करने के लिए कार्य कर रही है तथा राजस्थान सरकार ने जैविक खेती को बड़े स्तर पर प्रमोट करने के लिए बांसवाड़ा, सिरोही एवं टोंक जिले का चयन किया है।

शिविर में पद्मश्री सुभाष पालेकर ने कहा कि फसल का चक्र होना चाहिए और मिड-डे-मील मे भी बच्चों को मोटा अनाज देना चाहिए। इसके साथ ही अनाज की गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। शिविर के आयोजक अपूर्व बजाज ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस पीढ़ी को पानी का महत्व समझना चाहिए तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक खाद डालने की विधि को रोकना चाहिए। इससे पूर्व शिविर के सत्र में राज्यपाल ने दीप प्रज्वलित किया तथा राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा लगाया। सम्मेलन में किसानों के इस महासमागम में देश के 13 राज्यों से करीब एक हजार से ज्यादा किसान भाग ले रहे हैं।

- **सर्वे से पता चला है कि बढ़ते कैंसर रोग का मुख्य कारण भी रासायनिक खेती ही है : राज्यपाल**
- **रासायनिक खेती से नुकसान हो रहा है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक खेती को अपनाएं : चौधरी**

राज्यपाल ने किए बाबा के दर्शन :- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने खाटू धाम पहुंचकर बाबा श्याम की पूजा अर्चना की और बाबा की चौखट पर शीश झुकाकर देश एवं प्रदेश में खुशहाली की मंगल कामना की। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया। इससे पहले जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी भवन भूषण यादव, उपखंड अधिकारी दिव्या चौधरी ने गुलदस्ता बैठकर राज्यपाल की अगवानी कर स्वागत किया। सीकर जिला पुलिस के जवानों द्वारा राज्यपाल को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

बाइक चोरी के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

चोरी की गई 23 मोटरसाइकिलें बरामद की

बून्दी पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर छह जनों को गिरफ्तार किया।

बून्दी, (निसं)। बून्दी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 23 मोटरसाइकिल बरामद को बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि थानाधिकारी थाना सदर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुये आरोपी अभिषेक पुत्र विरेन्द्र खटीक निवासी माटुन्दा थाना सदर बून्दी, विशाल पुत्र धनराज नाई निवासी एसटीसी रोड डण्ड के पास बून्दी, सोनु पुत्र रोशनसिंह गुवांर निवासी करणीनगर नान्ता कोटा, आशिक पुत्र घासी खां उर्फ लुकमान साह निवासी करणीनगर, नान्ता कोटा, मुराद अली पुत्र घासी खां निवासी करणीनगर थाना नान्ता कोटा, सगीर उर्फ चिन्टु पुत्र धनराज मेघवाल निवासी माता जी के मन्दिर के पास नान्ता कोटा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की।

- **पूछताछ में आरोपियों ने कुछ मोटरसाइकिलें कोटा जिले से व बूंदी जिले के अलग-अलग थाना क्षैत्र से चोरी करना बताया**

सदर थाना इलाका में तीज के मैले में मोटरसाइकिलें चोरी हुई थी। शहर व थाने इलाके में मोटरसाइकिल चोरी के अब तक करीब 15 मुकदमे दर्ज हुए थे, जिनकी तलाश के लिए गठित टीमों ने करीबन 50-60 स्थानों व शहर व हाईवे पर तकनीकी साक्ष्य संकलित कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सदर थानाधिकारी भगवान सहाय के नेतृत्व में शिवराज सिह, ज्ञानेन्द्र सिह, जयसिंह, नेतराम, हनुमान, गजेन्द्र टीम ने मोटरसाइकिल खरीदने व बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग थाना क्षैत्रों से मोटरसाइकिलें बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने कुछ मोटरसाइकिलें कोटा जिला से व बूंदी जिले के अलग-अलग थाना क्षैत्र से चोरी करना बताया है, जिनका सम्बन्धित थाना से रिकार्ड प्राप्त कर जांच की जा रही हैं।

एम.एस. चौहान ने आयरन मैन हैट्रिक पूरी की

कोटा, (निसं)। कोटा निवासी एमएस चौहान ने विदेशी धरती पर तिरंगा फहराकर देश और कोटा का नाम रोशन किया है। एमएस चौहान ने आयरनमैन के खिताब को हांसिल किया है जो कि बेहद ही मुश्किल होता है। यह राजस्थान के पहले ऐसे विजेता बने जिन्होंने लगातार तीन साल तक आयरनमैन का खिताब अपने नाम किया वह भी समय से पूर्व, जो प्रतिस्पर्धा 16 घंटे में पूरी की जानी चाहिए थी वह इन्होंने 15 घंटे 15 मिनट में पूरा किया है।

एमएस चौहान ने बताया कि इसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की, घंटों प्रेक्टिस की और अपने आप को वातावरण के अनुरूप ढाला और उसके बाद विदेशी धरती पर तिरंगा लहराया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने तीसरा आयरनमैन पूरा किया है जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, अविस्मर्णीय है। एम.एस चौहान ने बताया कि इटली में अयोजित आयरनमैन 2024 को उन्होंने सफलतापूर्ण पूरा किया है, इससे पूर्व वर्ष 2023 में आयरनमैन आस्ट्रेलिया, वर्ष 2022 में आयरनमैन एस्टोनिया को पूरा कर कीर्तिमान स्थापित किया है। इस बार एमएस चौहान और उनकी पत्नी मीना कंवर (दूसरी आयरनमैन) का खिताब साथ किया जो देश में दूसरे स्थान पर हैं।

आयरनमैन इटली का खिताब जीतने के बाद कोटा आए एमएस चौहान ने बताया कि उन्होंने एक ही समय में लगातार पहले 3.8 किमी तैराकी को पूरा किया और उसके बाद 180 किमी साइक्लिंग और उसके बाद 42.2 किमी दौड़ पूरी की जो अपने आप में बेहद ही मुश्किल इवेंट है।

महिला ने आत्महत्या की

डूंगरपुर, (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र के विजयपुरा गांव में एक महिला ने अपने पीहर में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष की प्रताड़ना के चलते आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौरासी थाने के एएसआई जीवनलाल ने बताया कि विजयपुरा निवासी चुन्नीलाल रोत ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी छोटी बहन जया की शादी करीब पांच साल पहले लक्ष्मणपुरा गांव निवासी विजय पाण्डोर के साथ करवाई थी। जया की तीन साल की बेटी भी है। जया के साथ ससुराल पक्ष के लोग आए दिन झगड़ा और मारपीट करते थे। 25 सितम्बर को जया से मारपीट करते हुए उसके ससुराल पक्ष ने घर से निकाल दिया था, जिसके बाद से जया अपने पीहर में रह रही थी।

सोलर प्लांट परिसर में सुरक्षा गार्ड मौत

मांगों को लेकर धरना जारी

जोधपुर, (कासं)। बाप उपखंड क्षेत्र की बड़ी सीड में स्थित सोलर प्लांट परिसर में सुरक्षा गार्ड टोपनराम की मौत के मामले में दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। धरना स्थल पर बैठे लोगों का कहना है कि मृतक टोपनराम के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाने सहित अन्य मांगों को पूरा किए बिना धरना समाप्त नहीं किया जाएगा, और न ही शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

धरने के दौरान दोपहर बाद बड़ी संख्या में लोग बाप उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां एसडीएम सुखाराम पिण्डेल को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और धरनार्थियों ने जमकर नारेबाजी की। दोपहर में उपखंड कार्यालय बाप में एसडीएम सुखाराम पिण्डेल, तहसीलदार अनोपाराम मेघवाल, डीवाईएसपी आयुष वशिष्ठ, थानाधिकारी मनोज सामरिया की उपस्थिति में वार्ता हुई। धरनार्थियों की ओर से कमेटी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाप अध्यक्ष केसुराम मेघवाल, कृष्णपाल सिंह भाटी, महेंद्र मेघवाल, एडवोकेट भैराराम मकवाना, रुपाराम नोखड़ा और पूर्व पंचायत समिति सदस्य खेताराम मेघवाल उपस्थित रहे, लेकिन वार्ता फिर से विफल रही।

- **परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिलाने सहित अन्य मांगें रखी**

हादसे में दो पुलिसकर्मी सहित चार घायल

डूंगरपुर, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के पालबडा गांव के पास एक कार और टेम्पो की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार 2 पुलिसकर्मी सहित 4 लोग घायल हो गए। घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सदर थाना पुलिस के अनुसार बांसवाडा निवासी पुलिसकर्मी कैलाश पाटीदार और उसका साथी पुलिसकर्मी तनवीर चारण खेरवाडा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग कर रहे हैं। शनिवार को दोनों कार लेकर खेरवाडा से बांसवाडा जा रहे थे। इस दौरान पालबडा गांव के पास उनकी कार सामने से आ रही एक टेम्पो से टकरा गई। हादसे में दोनों पुलिसकर्मी और टेम्पो सवार कुरुचित और कांतिलाल अहारी गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंची।

इंजेक्शन से बच्चे की मौत के बाद हॉस्पिटल सील

अलवर, (निसं)। अलवर के रैणी थाना क्षेत्र के नसिया तिराहा स्थित कृष्णा चाइल्ड हॉस्पिटल में झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन से 14 महीने के बच्चे की मौत के बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है। हॉस्पिटल से दवाईयां जब्त कर मामला दर्ज कराया गया है। अब यहां आस-पास के चार जांच केंद्र भी सील करने की तैयारी है।

रैणी सीएचसी प्रभारी ने बताया कि अवैध क्लीनिक और चार लैब को सील किया गया है। कृष्णा चाइल्ड हॉस्पिटल में ड्रग इंस्पेक्टर विष्णु, डॉ. दीपक, तहसीलदार कैलाश मेहरा सहित मेडिकल टीम पहुंची। हॉस्पिटल से शुक्रवार को दवा जब्त की गई। इसके बाद पुलिस थाना रैणी में रिपोर्ट दी है। इसके अलावा इस क्षेत्र में चार लैब को सील करने की की गई है। बीसीएमओ डॉ. रामस्वरूप मीना ने बताया कि नसिया चौराहा स्थित कृष्णा चाइल्ड हॉस्पिटल में 14 महीने के बच्चे को इंजेक्शन लगाया गया था, जिसके बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के परिजनों ने कृष्णा चाइल्ड हॉस्पिटल पर गलत इलाज का आरोप लगाया था। इसके बाद चार सदस्यीय दल ने मामले की जांच की। जांच रिपोर्ट के बाद रैणी बीसीएमएचओ आरएस मीणा ने रैणी तहसीलदार के साथ मिलकर निजी क्लीनिक के सामान को सीज कर थाने में सुपुर्द किया गया। इस दौरान ड्रग्स इंस्पेक्टर विष्णु शर्मा, डॉ. दीपक शर्मा, घनश्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

- **चार जांच केंद्र भी सील करने की तैयारी, दवाईयां भी जब्त की**

नौकरी लगाने के नाम पर 23 लाख ठगे

सेवानिवृत आरएएस से पुत्री को नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की

बूंदी, (निसं)। शहर के कागदी देवरा निवासी सेवानिवृत आरएएस अधिकारी की पुत्री को स्वायत्त शासन निकाय विभाग में नौकरी लगाने और यूआईटी और अन्य संस्थान से फ्लैट आवंटन करवाने के नाम पर 23 लाख 33 हजार रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। फिलहाल कोतवाली थाना पुलिस ने परिवाद को लेकर जांच शुरू कर दी है।

कागदी देवरा निवासी रिटायर्ड आरएएस अधिकारी भैरू लाल वर्मा ने कोतवाली थाना पुलिस को दिए परिवाद में आरोप लगाया कि कि वर्ष 2021 में उंदालिया की डूंगरी बूंदी निवासी आशीष माहेश्वरी उनके पास आया और कहा कि तुम्हारी बड़ी बेटी अध्यापिका को अच्छी तरह से जानता हूं। आपकी एक बेटी भावना रानी जो मुकबधिर है, को में स्वायत्त शासन विभाग में सरकारी नौकरी लगवा सकता हूं। वहां मेरा अच्छा सेटिंग है। इस तरह झासें में लेकर उसने पहले तो 25000 हजार रूपये नगद ले लिए।

आरोप है कि उसके बाद उसकी बेटी के डाक्यूमेंट्स लेकर आशिष माहेश्वरी ने उसकी बेटी भावना रानी के नाम मूक बधिर होने के कारण नौकरी से पहले यूआईटी से फ्लैट आवंटन होने व एक प्लेट अक्षम कल्याण संस्था से आवंटन कराने और तीसरा फ्लैट भी यूआईटी से आवंटन कराने के नाम पर अलग-अलग 47 बार में 23 लाख 33 हजार रूपये नगद ऐंठ लिए और अब कुछ फोन बंद कर लिए। कुछ फोन नंबर अभी चालू है, लेकिन फोन नहीं उठाने पर परिवादी ने शुक्रवार को कोतवाली थाना पुलिस को परिवाद दिया, जिसे कोतवाली थाना पुलिस ने जांच में लिया है। जांच अधिकारी अवधेश सिंह ने बताया कि परिवाद मिला है परिवाद के तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है, जांच में जो सामने आएगा उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उपचार के बाद जेल लौटे आसाराम

जोधपुर, (कासं)। अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन शोषण के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू को निजी आयुर्वेदिक सेंटर में इलाज के बाद वापस जेल भेज दिया गया है। इस सेंटर पर आसाराम का करीब दस दिनों तक उपचार चला है। आसाराम वायरल बुखार से पीड़ित थे। आयुर्वेद पद्धित के चलते आसाराम का आरोग्यम आयुर्वेद सेंटर पर उपचार किया गया। डॉ. अरुण त्यागी के निर्देशन में टीम ने आसाराम का उपचार किया है। ठीक होने के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया है।

ट्रक-बस की टक्कर, चालक घायल

राजलदेसर, (निसं)। राजलदेसर से करीब 20 किलोमीटर दूर कितासर सीमा बोर्डर के पास शनिवार को दोपहर में करीब एक बजे ट्रक एवं बस की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें बस में सवार लोगों को हल्की चोटें आयीं वहीं ट्रक चालक एवं बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनको हाय सेंटर रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस, ट्रक ड्राइवर केबिन में फंस गया। जिसको लोगों की सहायता से व जेसीबी मशीन से बाहर निकाला गया। बस में 20 लोग सवार होकर दिल्ली से धार्मिक यात्रा के लिए निकले थे। वह दिल्ली से बीकानेर देशनोक जा रहे थे। वहीं ट्रक बीकानेर से रतनगढ़ की ओर आ रहा था। बस में सवार घायलों को राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय लाया गया।

जहां से जिनको हल्की चोटें आई है, उनको प्राथमिक उपचार करके दोपहर बाद छुट्टी कर दी। घटना स्थल मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई । कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। मौके पर राजलदेसर, श्री डूंगरगढ़ पुलिस पहुंची तथा घटना की जानकारी ली।

आत्महत्या का प्रयास किया

टोंक, (निसं)। सदर थाना क्षैत्र के बम्बोर मार्ग पर स्थित एक नशा मुक्ति केन्द्र में उपचार करा रहे एक युवक ने ब्लेड से अपनी गले की नशें काट ली, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु जिला मुख्यालय पर स्थित सआदत चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम कुलदीप गुर्जर उम्र 25 साल निवासी सदापुरा टोडारायसिंह का रहने वाला है, पुलिस द्वारा संस्था एवं परिजनो से आत्महत्या के प्रयास की जानकारी जुठा रही है।

दरगाह में शिव मंदिर होने का मामला :

दावा स्थान्तरण अर्जी पर सुनवाई टली

अजमेर, (कासं)। ज्ञानवापी की तर्ज पर अजमेर की सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में भी हिंदू सेना द्वारा शिव मंदिर होने का दावा कोर्ट में पेश किया था। मामले में अधिकृत कोर्ट में ही सुनवाई के लिए लगाई गई याचिका पर शनिवार को सुनवाई टल गई। अब 10 अक्टूबर को सुनवाई होगी। मालूम हो कि याचिकाकर्त्ता हिन्दू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने पहले सीजेएम कोर्ट में दावा पेश किया था।

हिन्दू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने बताया कि दरगाह में भी शिव मंदिर होने का कोर्ट दावा पेश किया था, लेकिन दावा अधिकृत कोर्ट के बजाए सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दावे को अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर बता था, जिस पर सेशन कोर्ट में दावा स्थान्तरण के लिए अर्जी लगाई थी। इस अर्जी को लेकर शनिवार को कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन जिला सेशन न्यायाधीश के अवकाश में होने के कारण अर्जी सुनवाई टल गई। मामले में अब अलगी सुनवाई अब 10 अक्टूबर को होगी। दावा स्थानांतरण के लिए लगाई अर्जी पर सेशन कोर्ट तय करेगा कि किस कोर्ट को दावे की सुनवाई हो। याचिकाकर्त्ता हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि रंजन ने बताया कि सेशन कोर्ट से तय होने के बाद ही क्षेत्राधिकार तय होगा कि दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे को लेकर लगाई गई याचिका पर कौन सा कोर्ट सुनवाई करेगा।

याचिकाकर्त्ता हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने कहा कि स्थान्तरण याचिका पर सुनवाई होने के बाद सुनवाई के लिए उपयुक्त कोर्ट तय हो जाएगा। इसके बाद देश और दुनिया के सामने सच्चाई सामने आ जाएगी कि किस तरह से मुस्लिम आक्रांताओं ने मंदिर तोड़कर उनके मलबे से मज्जिदे तामीर (बनवाई) थी। दरगाह में भी यही हुआ है। दावे के साथ कई साक्ष्य और पुरानी पुस्तकों के हवाले दिए गए हैं, जिनके आधार पर स्पष्ठ है कि दरगाह में भगवान संकट मोचन महादेव का मंदिर था जिसको तोड़ कर मजार बनाई गई है। एआईसी के सर्वे में सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि याचिका में दरगाह को संकट मोचन मंदिर घोषित करें, हिंदुओ को पूजा पाठ का अधिकार देने तथा एएसआई द्वारा सर्वे कराने की मांग रखी है।

"संत मीरांबाई का संगीत एवं साहित्य" पर संगोष्ठी का आयोजन

मै तथ्यता के साथ कहता हूं कि मीरां का जन्म मेड़ता में ही हुआ : डॉ. राजपुरोहित

मेड़ता सिटी, (निसं)। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, राजस्थान साहित्य अकादमी, दिल्ली, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में उपखंड स्तरीय पर्यटन विकास समिति मेड़ता के सानिध्य में मीरां स्मारक के 17 वें स्थापना दिवस पर आयोजित मीरां महोत्सव के दूसरे दिन सुबह "संत मीरांबाई का संगीत एवं साहित्य" पर साहित्य संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के कुलपति अनिल शुक्ल, पद्मश्री सी पी देवल, ब्रजेंद कुमार सिंघल और डॉ. गजे सिंह राजपुरोहित मंचासिन रहे। मां मीरांबाई की तस्वीर पर माला पुष्प चढ़ा तथा दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का आगाज किया किया गया।

इस अवसर पर कुलपति शुक्ल ने संबोधित करते हुए कहा कि मीरां एक अवतार के रूप ऐसी मूर्ति है जिसने उस जमाने की चुनौतियों का सामना करते हुए अपने आराध्य को पाया। आराधना को अपना जीवन समर्पित करने वाली मीरां प्रेम का सागर थी और असंभव प्रेम को संभव कर दिखाया। मीरां के लिए कामयाबी और खुशी में फर्क था और अगर खुशी को पाना है तो मीरां जैसा लक्ष्य साबित करना होगा। मीरां आज भी यह पर है और जब तक सूरज का निकलना और डूबना रहेगा तब तक मीरां रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

शुक्ल ने कहा कि आप सोचिए मीरां का चित्र इतना सुंदर है तो चरित्र कितना सुंदर होगा। वहीं राजस्थानी की सैकड़ों रचनाएं और पुस्तकों को लिखने वाले डॉ. गजे सिंह राजपुरोहित ने कहा कि मीरां पूरी दुनिया में एक अदभुत प्रेम का नाम है जो एक साक्षात मूर्ति है। तथ्य सहित आगे बताया कि मीरां के पद, जन्म और भी संबंधित बातों को लेकर अलग-अलग मत हो सकते हैं लेकिन मीरां का जन्म मेड़ता में ही हुआ है और मीरां के लिखे मूल पदों को काफी बार एकदम तोड़मरोड़ कर बताया जा रहा है। मीरां ने अपने पति और ससुराल की कभी भी निंदा नहीं की है और मीरां एक पतिव्रता थी जिसने घुंघुरू को पुजवाया है। अंत में मीरां पर एक के कविता भी प्रस्तुत की। ब्रजेश कुमार सिंघल ने मेवाड़ और मारवाड़ राज घराने को लेकर मीरां के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। पद्मश्री सी पी देवल ने कहा कि मीरां भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त थी इतने वर्षों बाद भी मीरां की ख्याति देश विदेश में भी है इसलिये हमें मीरां को समझने के लिए मीरांमय होना पड़ेगा।

- **'मीरां एक अवतार के रूप ऐसी मूर्ति है जिसने उस जमाने की चुनौतियों का सामना करते हुए अपने आराध्य को पाया'**

ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि आज हम मेड़ता में मीरां स्मारक का 17 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं और हर वर्ष मानते रहेंगे। हम चाहते कि मीरां का मंदिर और पैनोरमा हर गांव-गांव में बने। इससे पहले अथितियो को साफा माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर उपखंड अधिकारी पूनम चोयल, शिक्षा विभाग के गोविंद राम बेड़ा, मीरां शोध संस्थान सचिव श्याम सुन्दर सिखवाल, मीरां समग्र प्रभारी नंदूश्री मंत्री, संजय सेन, आईएएस मुदिता शर्मा आदि ने स्वागत किया।

इस अवसर पर साहित्यकार डॉ जतनराज मेहता, चांद मोहमद घोसी, डॉ. कालू खां, भीकाराम अजनबी, लक्ष्मणदान कविया, घनश्याम पारीक, ओमप्रकाश चौहान, राजीव पुरोहित, मीरां चौधरी, राम कुंवार जांगिड़, ओमप्रकाश, बंशी लाल, पंडित नारायण कौशिक, रामरतन संदू, नवरतन पंवार, देव किशन पंवार, रामरतन सांदू, रामेश्वर बोराना, पारसमल बोराना, नरेंद्र सिंह शेखावत, दीपक राखेचा सहित सैंकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच का सफल संचालन राजस्थानी मायड़ भाषा में डॉ. रामरतन लटियाल और मातृ भाषा हिंदी में दिल्ली से आए अलाउंसर दोनों ने संयुक्त रूप से किया।